<u>समाचार</u>

स्वच्छता महाअभियान

वार्ड क्र. 13 एवं 36 में चलाई गई मेगा स्वच्छता ड्राईव

कोरबा 03 फरवरी 2025 – स्वच्छता महाअभियान के आठवें दिन आज निगम के वार्ड क्र. 13 व 36 में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई, वृहद पैमाने पर साफ–सफाई के कार्य, कचरे का उठाव व परिवहन एक अभियान के रूप में किया गया तथा इन वार्डो के विभिन्न मोहलों व बस्तियों में भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

निगम प्रशासक एवं कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में 25 जनवरी से नगर पालिक निगम कोरबा के वार्डो में निर्धारित कार्यक्रमानुसार स्वच्छता का महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सोमवार 03 फरवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 13 परिवहन नगर एवं वार्ड क. 36 पाड़ीमार क. 01 के विभिन्न मोहल्लों, सड़कों, आवासीय क्षेत्रों, गलियों आदि में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित

कराई गई, इस दौरान नालियों की सफाई, सड़कों की सफाई व सड़कों के किनारे की बर्म, झाड़ियों आदि की सफाई, धूल मिट्टी आदि की सफाई का कार्य करते हुए कचरे का उठाव व परिवहन के कार्य एक अभियान के रूप में किए गए। इस दौरान निगम अधिकारियों ने बस्तियों का भ्रमण कर सफाई कार्यो का जायजा लिया तथा बस्तीवासियों से अपील की कि वे सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न डालें तथा शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर निगम के उपायुक्त पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता एन.के.नाथ, राकेश मसीह, सुनील टांडे, सोमनाथ डेहरे, सुनील वर्मा, सचिन्द्र थवाईत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

04 फरवरी को इन वार्डो में अभियान– मंगलवार 04 फरवरी को नगर पालिक निगम केरबा के वार्ड क्र. 25 नेहरूनगर एवं वार्ड क्र. 37 पाड़ीमार क्रमांक 02 में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की जाएगी तथा व्यापक पैमाने पर साफ–सफाई के कार्य किए जाएंगे। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे निगम के इस महाअभियान में अपनी सहभागिता दें तथा शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।